# बाबा केदारनाथ में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम, श्रद्धालुओं पर की गई पुष्प वर्षा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बाबा केदारनाथ धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। रावल भीमाशंकर लिंग और पुजारी शिवलिंग और धमार्चार्यों ने पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इसी के साथ गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ सहित तीन धाम के कपाट खुल गये। भगवान बद्री विशाल के कपाट भी 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल जायेंगे।
बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ में पूजा-



अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने मंदिर परिसर में मुख्य सेवक की ओर से आयोजित भंडारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं। सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं का भी यात्रा के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है। पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर यात्रा व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है।
उन्होंने बाबा केदार के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि मौसम की जानकारी लेकर बाबा केदार के दर्शन लिए आयें, ताकि किसी को भी मौसम की वजह से कोई असुविधा न हो। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यात्रा सुचारु रूप से चल रही है।
इस मौके पर बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, विधायक केदारनाथ शैला रानी रावत , जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, जिला अध्यक्ष भाजपा सिंह महावीर पंवार, पूर्व अध्यक्ष भाजपा दिनेश उनियाल, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य कार्याधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह और श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**8 -धार्मिक स्थल के नाम पर पुनर्वास की भूमि पर किया था अतिक्रमण, प्रशासन ने अतिक्रमण न बर्दाश्त करने की हिदायत दी**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका ने होटल मैनेजमेंट संस्थान के निकट सेक्टर 31 में धार्मिक स्थल के नाम पर पुनर्वास विभाग की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को मय फोर्स हटाया। प्रशासन ने अतिक्रमण न बर्दाश्त करने की हिदायत दी।
नई टिहरी तहसीलदार आशीष घिल्डियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुनर्वास विभाग की भूमि पर हरीश राजपाल ने लंबे समय से धार्मिक स्थल की आड़ में अवैध कब्जा किया हुआ था। यह अवैध कब्जा 121 वर्ग मीटर भूमि पर किया गया था।



पुनर्वास विभाग ने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इसे लेकर अतिक्रमणकारी को लगातार नोटिस भी जारी किये गये थे। मंगलवार को पुलिस फोर्स के साथ पुनर्वास विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रशासन ने 121 वर्ग मीटर अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया है। तहसीलदार ने कहा कि अतिक्रमण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# पानी को लेकर खूनी संघर्ष में चली गोलियां, चार घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पानी को लेकर दो पक्षों में मंगलवार को खूनी संघर्ष हो गया। जनपद के मंगलौर थाना क्षेत्र के थिथकी गांव में रजवाहे से खेत में पानी देने को लेकर दो पक्षों में फायरिंग हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए।
दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दो-तीन राउंड फायरिंग हुई। इसमें चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे की बतायी गई है। घटना के बाद से गांव में सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

# केदारनाथधाम के कपाट खुले, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा परिसर

**8 मंदिर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इसी के साथ छह माह तक बाबा केदार की नित्य पूजा-अर्चना होगी**

**केदारनाथधाम/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व प्रसिद्ध केदारनाथधाम में केदारनाथ मंदिर के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इसी के साथ छह माह तक बाबा केदार की नित्य पूजा-अर्चना होगी। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी समेत करीब आठ हजार श्रद्धालु मौजूद रहे।
हिमालय में स्थित द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक बाबा केदारनाथ धाम के कपाट सेना के बैंड की मधुर धुन और हर-हर महादेव की गूंज के बीच खोले गए।
श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी मनाई। केदारनाथ मंदिर परिसर को 35 क्विंटल फूलों से सजाया गया। कपाट खुलने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे शुरू हुई। बाबा केदार की पंचमुखी मूर्ति चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान होकर रावल निवास से मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद रावल और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कपाट खोले गए।इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी शिवलिंग ने गर्भ गृह में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। इसी के साथ बाबा केदार के दर्शन शुरू हो गए। केदारनाथधाम में कड़ाके की ठंड है। आसमान पर बादल छाये हुए हैं। सरकार ने यात्रियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा के विशेष इंतजाम किए हैं। हर पड़ाव स्थल पर प्राथमिक उपचार के लिए दवाओं की व्यवस्था की गई है।
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजेय ने कहा कि यात्रा की सभी तैयारी पूरी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पूर्व सरकार के दिशा-निर्देश को समझ लें। मौसम की प्रतिकूलता को देखते हुएधाम में आवास की व्यवस्था पहले सुनिश्चित कर लें। बच्चों व बुजर्गों के साथ यात्रा करने वाले विशेष सावधानी बरतें। स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे श्रद्धालु आवश्यक चिकित्सीय सलाह लें।
इस बार नौ एविएशन कंपनियां केदारघाटी में जाखधार, शेरसी, फाटा, नारायणकोटि, जामू और सोनप्रयाग से हेली सेवा का संचालन कर रही हैं। राज्य आपदा मोचन बल ने यात्रियों की मदद के लिए पांच पड़ाव बनाए हैं। यह हैं- केदारनाथ, लिनचौली, सोनप्रयाग, अगस्त्यमुनि और रतूड़ा। हर पड़ाव में दो-दो दल तैनात हैं। यह दल एक पड़ाव से दूसरे पड़ाव के बीच गश्त भी करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर धूमधाम के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान आदि गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव के दौरान शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम समाधि संस्थान ने नगर में बैंडबाजों के साथ धूमधाम से आदि गुरु शंकराचार्य की शोभायात्रा निकाली गयी। इसका नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।
मंगलवार को शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम समाधि संस्थान ने त्रिवेणी घाट पर पूजा-अर्चना करने के उपरांत आदि गुरु शंकराचार्य की बैंडबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा मायाकुंड स्थित दंडी बाडा जनार्दन आश्रम के संस्थापक केशव स्वरूप ब्रह्मचारी के संचालन में निकाली गई। शोभा यात्रा के प्रारंभ होने से पहले त्रिवेणी घाट पर पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा का शुभारंभ त्रिवेणी घाट से हुआ। इसके बाद शोभायात्रा मुखर्जी मार्ग, लक्ष्मण झूला मार्ग से क्षेत्र बाजार, पुराना टिहरी अड्डे से होती हुई मायाकुंड स्थित जनार्दन आश्रम में जाकर समाप्त हुई। इसका नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत भी किया।
इस दौरान ब्रह्मचारी विजय स्वरूप, संदीप शास्त्री, महामंडलेश्वर स्वामी दया रामदास, महंत रवि शास्त्री, स्वामी अखंडानंद, स्वामी आनंद सरस्वती महाराज, लुधियाना धर्म संघ अध्यक्ष स्वामी आनंद गिरी महाराज, पंकज शर्मा , संजय शास्त्री,विवेक गोस्वामी, मदन मोहन शर्मा, जनार्दन कैरवान, प्रदीप कोहली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पावरलिफ्टिंग चैंपियन की तैयारी के लिए हुई प्रतियोगिता

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी 11 से 14 मई तक होने वाली तमिलनाडु में पावरलिफ्टिंग चैंपियन की तैयारी के लिए ऋषिकेश में पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई। पहली बार तीर्थ नगरी ऋषिकेश के भरत मंदिर इंटर कॉलेज स्थित परशुराम हॉल में हुई प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।
इस दौरान विजेता खिलाड़ियों के राष्ट्रीय चैंपियनशिप के चयन के लिए प्रतियोगिता हुई, जो मई माह में 11 से 14 मई के बीच तमिलनाडु में आयोजित होनी है। चैम्पियनशिप कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन के सचिव मनीष कुकरेती और अंतरराष्ट्रीय पवार लिफ्टिंग खिलाड़ी आंचल बिष्ट ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रेजी फेडरेशन के अध्यक्ष मनीष डिमरी ऋषिकेश के प्रसिद्ध व्यवसायी संतोष पांथरी, गढ़वाल महासभा अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी और समाजसेविका प्रिंसी रावत एसोसिएशन के उत्तराखंड सेक्रेटरी अर्जुन गुलाटी एवं समाजसेविका सीता पयाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।
प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता पुरुष रितिक प्रजापति एवं महिलाओं में संगीता राणा रहीं।सभी विजेता उपविजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर और ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया।

### अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेवलपमेंट लीडरशिप 2024के लिए प्रवेश प्रारंभ

**देहरादून।** अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेवलपमेंट लीडरशिप प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिया है। प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि मई30, 2023। लिखित निर्दिष्ट कार्य जून18, 2023 , साक्षात्कार जुलाई 2023 कक्षाओं की शुरूआत जनवरी 22, 2024 घोषित की गई हैं।
प्रोग्राम की विशेषताएं 11 माह के अंश-कालिक डिप्लोमा प्रोग्राम की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि प्रतिभागी इस पाठ्यक्रम में नामांकन कराने के साथ अपना मौजूदा कार्य और रोजगार जारी रख सकते हैं। यह तीन अवधियों काऑन-कैंपस और ऑनलाइन लर्निंग का मिलाजुला प्रोग्राम है। यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर में आठ या अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले मध्य से वरिष्ठ स्तर के प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है, जो अपने संगठनों/संस्थाओं में पहले से ही लीडरशिप भूमिकाओं में हैं या शीघ्र ही ऐसी भूमिकाएं अपनाने वाले हैं। यह एनजीओ, सामाजिक आंदोलनों और जमीनी स्तर के संगठनों में कार्य कर रहे व्यक्तियों के लिए खुला है। उनके कार्य के लिए बेहतर ढंग से जानकारी प्रदान करने के लिए भारत में डेवलपमेंट संबंधी वास्तविकताओं को आकार प्रदान करने वाली ऐतिहासिक प्रक्रियाओं और जीवन के वास्तविक अनुभवों के बारे में उनके दृष्टिकोण को गहरा बनाएगा।

# पुलिस की छापेमारी में लाखों की अवैध शराब बरामद



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के आबकारी अधिकारी भले ही अंधेरे में हों, लेकिन पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने होटल में छापा मार कर लाखों की अवैध शराब बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।
मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने पत्रकारों को बताया कि जिला मुख्यालय का में शराब का ठेका अभी बन्द है। इसके बावजूद भी अवैध शराब की बिक्री के सम्बन्ध में लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। जनपद में चल रही चारधाम यात्रा के दौरान ऐसे अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी भटवाड़ी चत्तर सिंह चौहान और पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी अनुज कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई, जो अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ लगातार सुरागरसी में लगे हुई थी। सोमवार रात्रि में मनेरी क्षेत्रान्तर्गत गणेशपुर में स्थित होटल जय काशी विश्वनाथ में छापेमारी की गई। होटल से करीब 23 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और 10 पेटी बीयर की बरामद की गईं। इसकी कीमत करीब 1 लाख 65 हजार बतायी जा रही है। इसके आधार पर होटल मालिक हेमराज बिष्ट के खिलाफ कोतवाली मनेरी पर 60 आबकारी अधिनियम के तहत प्रथम सूचना पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया।
अभियुक्त के विरुद्ध थाना मनेरी पर पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत है।उल्लेखनीय है कि जिला आबकारी अधिकारी के सुस्ती के चलते जहां एक और अधिभार जमा ना होने के कारण 17 में से 9 ही ठेके संचालित हैं, जिससे कि सरकार को करोड़ों का घाटा हो रहा है। दूसरी और अवैध शराब की बिक्री पर जिला आबकारी अधिकारी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व घाटा हो रहा है । इसके चलते शासन स्तर से उत्तरकाशी जिला आबकारी अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी की वेतन रोकने की भी आदेश जारी हो चुके हैं।

# ऋषिकेश में गुरुवार से कैंसर रोगियों का निशुल्क उपचार: डॉ. श्रुति शाह

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश तीर्थ नगरी में गुरुवार से कैंसर से पीड़ित गंभीर मरीजों का इलाज किया जाएगा। यह जानकारी गुजरात से आई डॉक्टर श्रुति शाह और डॉक्टर रितेश जैन ने ऋषिकेश में दी।डॉक्टर श्रुति और डॉक्टर रितेश ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि लोगों में कैंसर को लेकर काफी भ्रांतियां फैली हैं कि यह लाइलाज बीमारी है, लेकिन होम्योपैथिक में इसका उपचार है, इसे देखते हुए उनकी संस्था ने प्रयास फाउंडेशन संस्था के माध्यम से ऋषिकेश में बद्रीनाथ मार्ग तपोवन स्थित क्रिया योग आश्रम में होम्योपैथी एंड स्पेशलिटी कैंसर केयर क्लीनिक कि शुरूआत गुरुवार से किए जाने का निर्णय लिया है।

# वाहन चोरी गिरोह के 03 सदस्य गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
थाना सिडकुल पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की दो मोटर साइकिल भी बरामद की हैं।
विगत दिनों सिडकुल क्षेत्र से बाइक चोरी के मामले प्रकाश में आए थे। पुलिस ने बाइक मामलों में मुकद्मा दर्ज कर चारों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी के चलते पुलिस ने सिडकुल स्थित एबीबीची चौक से तीन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के पास से चोरी की दो बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अमित



कुमार, पंकज कुमार व प्रवेन्द्र बताए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# खिलाड़ी के जीवन में डाइट का विशेष स्थान : डा. चौहान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
खिलाड़ी के जीवन में भोजन का स्थान सामान्य व्यक्ति की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण है। रोटी-सब्जी खाने वाला व्यक्ति सामान्य जीवन यापन कर सकता है, लेकिन खिलाड़ी के लिए यह स्थिति खतरा पैदा कर सकती है।
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग में स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन-आवश्यकता अथवा जरूरत विषय पर एमपीएड और बीपीईएस पाठयक्रम के छात्रों के लिए एक विशेष सत्र हुआ।
विशेष सत्र में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार चौहान ने कहा कि शरीर की कार्य क्षमता भोजन से मिलने वाली ऊर्जा पर निर्भर



करती है। भोजन व्यक्ति के विकास की नींव का निर्माण करता है। भोजन से मिलने वाले तत्व शरीर में ऊर्जा तथा स्फूर्ति पैदा करते हैं। इस स्फूर्ति को प्राप्त करने के लिए एक सामान्य व्यक्ति तथा खिलाड़ी को अपनी शारीरिक बनावट तथा विकास को ध्यान में रखकर भोजन का चयन करना चाहिए। अधिकांश तौर पर शरीर को प्रोटीन की मध्यम मात्रा, वसा की कम मात्रा और कार्बोहाईड्रेट की अधिक मात्रा लेनी चाहिए। खिलाड़ी को अपने दैनिक भोजन मे सामान्य व्यक्ति के डाइट प्लान से अधिक प्रोटीन, वसा एवं कार्बोहाईड्रेट्स ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोजन से मिलने वाले पोषक तत्व की मात्रा पर ही शरीर के विकास की दर निर्भर करती है। सही भोजन मिलने से खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करने में दक्ष बन सकता है। वहीं अभाव में खिलाड़ी को वाह्य और आन्तरिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ सकता है। डॉ. शिवकुमार चौहान ने कहा कि एक सन्तुलित जीवन-शैली यापन के लिए भोजन और निद्रा के बीच तालमेल जरूरी है। पोषक भोजन शरीर की कमियों की पूर्ति करता है। विशेष सत्र में छात्रों ने अपनी रूचि से जुडे. खेलों.में न्यूट्रीशन के महत्व से जुडे अनेक प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किये।

# सनातन की पुर्नस्थापना में आदि जगद्गुरु शंकराचार्य का विशेष योगदान : पुरी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाष्यकार जगद्गुरु भगवान शंकराचार्य महाराज की जयंती मंगलवार को श्री आदि जगद्गुरु शंकराचार्य स्मारक समिति के अध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता में उल्लास पूर्वक मनाई गई।
इस अवसर पर प्रातः शंकराचार्य चौक स्थित आदि जगद्गुरु के श्रीविग्रह का विधि पूर्वक पूजन-अर्चन किया गया। उसके बाद श्री सूरतगिरि बंगला गिरिशानंद आश्रम में श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें सभी सम्प्रदायों के संतों, महंतों, महामण्डलेश्वरों ने उपस्थित होकर आचार्य शंकर को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने बताया कि आदि शंकराचार्य को मात्र 8 वर्ष की छोटी आयु में सभी वेदों का ज्ञान प्राप्त हो गया था। आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म की जड़ों को बढ़ाने और मजबूत करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में अतुलनीय काम किया।
श्रीमहंत रविन्द्र पुरी ने कहा कि देश को धार्मिक और आध्यात्मिक एकता के लिए आदि शंकराचार्य ने विशेष कार्य किया, जिसमें उन्होंने उत्तर भारत में बदरीनाथ धाम की स्थापना की थी और इस धाम में दक्षिण भारत के ब्राह्मण पुजारी को रखा। दक्षिण भारत में रामेश्वरम में उत्तर भारत के पुजारी को रखा। पूर्वी भारत के धाम जगन्नाथ मंदिर में पश्चिम भारत के पुजारी और पश्चिम भारत के मंदिर में पूर्वी भारत के पुजारी को रखा। इसके पीछे भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक को मजबूती देते हुए पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधना के मात्र कारण था। इसके अलावा आदि शंकराचार्य ने दशनामी सन्यासी अखाड़ों की भी स्थापना में अपना योगदान दिया था।
श्री सूरत गिरि बंगला गिरिशानंद आश्रम के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने कहा कि आदि शंकराचार्य भगवान को आठ साल की उम्र में वेदों का पूरा ज्ञान हो गया था और 12 वर्ष की उम्र में शास्त्रों का अध्ययन कर लिया था। 16 वर्ष की अवस्था में 100 से भी अधिक ग्रंथों की रचना कर चुके थे। मात्र 32 साल की उम्र में केदारनाथ में उन्होंने समाधि ली। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और उसकी पुनर्स्थापना में आदि जगद्गुरु के योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। उन्होंने सभी से आदि जगद्गुरु के बताए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की।

# गोमुख ट्रैक पर आवागमन पर लगी रोक

**उत्तरकाशी**
उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन ने जनपद के 3 हजार मीटर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एवलांच आने की संभावना को देखते हुए गोमुख ट्रैक पर पर्यटकों के आगमन पर गुरुवार तक रोक लगा दी है ।
पार्क के उपनिदेशक रंगनाथ पांडेय ने बताया कि मौसम विभाग ने जनपद के 3000 मीटर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एवलांच आने की संभावना को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसको लेकर गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन ने गोमुख ट्रैक पर आगामी गुरुवार तक पर्यटकों के आवागमन पर रोक लगा दी है।
अब गोमुख ट्रैक पर गुरुवार तक



कोई भी पर्यटक आवागमन नहीं कर सकता है।
उल्लेखनीय है कि गंगोत्री कपाट के खुलने के बाद गोमुख ट्रैक पर पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी होती थी, लेकिन इस बार कपाट उद्घाटन से पूर्व हुई बर्फबारी के चलते गोमुख क्षेत्र में एवलांच आने का खतरा बना हुआ है। इसके चलते पर प्रशासन ने आगामी गुरुवार तक गोमुख के आवाजाही पर रोक लगा दी है।

## कप्तान डेविड वॉर्नर पर लगा जुर्माना

**हैदराबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने इस मैच में सनराइजर्स को सात रन से हराया था।



आईपीएल ने बयान में कहा, 'धीमी ओवर गति के लिए आईपीएल आचार संहिता के तहत यह टीम का वर्तमान सत्र में पहला अपराध है इसलिए कप्तान डेविड वॉर्नर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।' आईपीएल का उद्देश्य मैचों को तीन घंटे और 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति एक मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण अधिकतर मैच चार घंटे से भी अधिक समय तक खिंच रहे हैं।

## मैं अपनी पत्नी और बेटे के साथ होता तो बहुत अच्छा होता : शोएब मलिक

**इस्लामाबाद।** पिछले कुछ महीनों से पूर्व भारतीय स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और पाकिस्तान के ऑलराउंडर शोएब मलिक के रिश्तों के खराब होने की खबर सामने आई थी। माना जा रहा था कि दोनों एक-दूसरे से अलग हो जाएंगे। लेकिन इन सब सवालों का जवाब अब शोएब ने दे दिया है। उन्होंने अलग होने की खबरों का खंडन किया, लेकिन साथ ही इस बाद पर दुख जताया कि ईद के दिन अगर उनका परिवार उनके साथ होता तो अच्छा होता।




**अलग होने की खबरों का किया खंडन**

सबसे पहले अख्तर ने उन खबरों का खंडन किया जिसमें कहा जा रहा था कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। ईद के दिन एक स्थानीय टीवी चैनल से बात करते हुए शोएब ने कहा, 'सानिया के व्यस्त शेड्यूल रहने की वजह से उनके लिए एक साथ समय बिताना मुश्किल हो गया है, लेकिन उनके अलग होने और मतभेदों को लेकर हो रही बातें सच नहीं हैं।' उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि सभी शादियां उतार-चढ़ाव से गुजरती हैं। बता दें कि शोएब और सानिया ने काफी समय से सोशल मीडिया पर एक साथ कोई तस्वीर या वीडियो शेयर नहीं किया है। इस कारण माना जा रहा था कि दोनों के बीच रिश्ते ठीक नहीं चल रहे।शोएब ने इस बाद की ईद अपने परिवार के बिना मनाई, जिसका उन्हें दुख है। मलिक ने कहा कि वह अपनी पत्नी और बेटे की कमी खल रही है लेकिन वह काम के चलते अलग हैं। उशोएब ने कहा, 'मैं अपनी पत्नी और बेटे के साथ ईद पर साथ होता तो बहुत अच्छा होता, लेकिन उनके आईपीएल शोज के कमिटमेंट्स हैं। यही कारण है कि एक साथ नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें साथ में रहना का समय नहीं मिल रहा। जब सानिया और इजहान उमराह करने गए तो मेरे यहां कुछ वर्क कमिटमेंट्स थे। जब मैं ब्रेक लेकर इजहान के साथ समय बिताने के लिए दुबई गया, तो वह आईपीएल में थीं।'

## प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्घाटन सीजन के लिए नीलामी पूरी; भारतीय खिलाड़ियों की रही जबरदस्त मांग

**मुंबई।** प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्घाटन संस्करण का समय अब बेहद करीब आ गया है। इस लीग के साथ भारत में पहली बार हैंडबॉल का रोमांच दिखेगा। इस कड़ी में पहला रोमांचक चैप्टर रविवार को समाप्त हुआ, जब लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी समाप्त हो गई। विदेशी, भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके और घरेलू हैंडबॉल टैलेंट्स सहित कुल 116 खिलाड़ी छह फ्रेंचाइजी टीमों-दिल्ली पैंजर्स, गर्वित गुजरात, गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आयरनमैन, राजस्थान टीम (नाम रखा जाना बाकी है) और तेलुगू टैलन्स द्वारा चुने जाने थे। नीलामी की शुरुआत विदेशी खिलाड़ियों के साथ शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अन्य महासंघों के साथ एशियाई हैंडबॉल फेडरेशन का प्रतिनिधित्व किया। नीलामी में शामिल सभी 18 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को टीमों द्वारा चुना गया। प्रत्येक टीम को क्रमश: केवल एक विदेशी राइट-बैक, लेफ्ट-बैक और गोलकीपर चुनने की अनुमति थी।सबसे बड़े विदेशी खिलाड़ी के तौर पर तेलुगू टैलन्स ने रूस से आंद्रेई इगोरेविच नेदबेलो (गोलकीपर) को अपने साथ जोड़ा जो कि छह बार के रूसी चैंपियन रहे हैं।

# न्यूजीलैंड ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 5वें विकेट के लिए हुई सबसे बड़ी साझेदारी

**कराची।** एक तरफ जहां कई क्रिकेट प्रेमी आईपीएल देखने का आनंद ले रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देश पाकिस्तान को 5 टी20 मैचों की सीरीज के आखिरी मैच से न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने इसी के साथ सीरीज 2-2 पर समाप्त की, साथ ही एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना दिया है। दरअसल, न्यूजीलैंड की तरफ से टी20 क्रिकेट में 5वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। यह कारनामा किया है मार्क चैपमैन और जिमी निशम की जोड़ी ने, जिन्होंने 121 रनों की साझेदारी की और इतिहास रच दिया।




दोनों ने इस मैच में पांचवे विकेट के लिए 121 रनों की साझेदारी की। ये टी20 क्रिकेट में पांचवे विकेट के लिए हुई अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है।

इसी के साथ मिस्बाह-उल-हक और शोएब मलिक की साझेदारी का रिकॉर्ड टूटा, जिन्होंने पहले 119 रनों की साझेदारी की थी। वहीं पांचवे नंबर के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप के मामले में नंबर 3 पर आयरलैंड के कैंमपर और डॉकरेल की जोड़ी है, जिन्होंने 119 रन बनाए थे। वहीं विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की जोड़ी चौथे नंबर पर है, जिसने 113 रन जोड़े थे।

**पांचवें विकेट लिए सबसे बड़ी साझेदारी-**

1. मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम-121 रन
2. मिस्बाह उल हक और शोएब मलिक -119
3. कैंमपर और डॉकरेल -119 रन
4. विराट कोहली और हार्दिक पांड्या -113 रन
5. एसजे मोदानी और जी. सिंह -110 रन

वहीं मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 193 रन बनाए थे। मोहम्मद रिजवान ने 98 रनों की पारी खेली थी। जवाब में उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 10 ओवर के अंदर ही 4 विकेट गंवा दिए। जिसके बाद मार्क चैपमैन ने शतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिला दी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ WTC फाइनल के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन के द ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई ने 7 से 11 जून तक होने वाले इस मुकाबले के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें केएल राहुल को टीम में मौका दिया गया है जबकि श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह को बाहर रखा गया है।

रहाणे 15 महीने बाद भारतीय टीम में लौटे हैं। उन्होंने आखिरी बार जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज में भाग लिया था। आईपीएल में सीएसके के लिए रहाणे का फॉर्म, हालांकि पूरी तरह से अलग प्रारूप में उनकी वापसी के पीछे सबसे बड़ा कारण माना जाता है। दूसरा बड़ा कारण मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की अनुपस्थिति है। अय्यर की हाल ही में पीठ की सर्जरी हुई है और उनके कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है। दूसरी ओर पंत ने पिछले साल दिसंबर में



एक कार दुर्घटना का शिकार होने के बाद अपने स्वास्थ्य में सुधार की धीमी प्रक्रिया शुरू की है। रहाणे इस आईपीएल में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सीएसके के लिए सिर्फ पांच पारियों में 199.05 की स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाए हैं जो 2019 में उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ से 62 अधिक है।

रहाणे के अलावा सीनियर प्रो केएल राहुल ने भी उप-कप्तानी छीनने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो टेस्ट में टीम में जगह बनाने के बाद 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाई है। हालांकि राहुल को सलामी बल्लेबाज के रूप में माने जाने की संभावना नहीं है। इसके बजाय मध्य क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं।

इंग्लैंड की परिस्थितियों में जहां गेंद के स्विंग होने की उम्मीद होती है, टीम प्रबंधन राहुल और रहाणे के अनुभव पर निर्भर है। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि ये तीनों एक साथ खेलेंगे। वास्तव में अगर परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल हैं तो चौथे तेज गेंदबाज के रूप में शार्दुल ठाकुर को चुना जा सकता है जिसका मतलब अश्विन, जडेजा या अक्षर में से केवल एक ही स्पिनर के रूप में खेलेगा।

**शेड्यूल और वेन्यू**

डब्ल्यूटीसी फाइनल : 7 - 11 जून (12 जून रिजर्व डे है), द ओवल, लंदन

**भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम :**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मो. शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

## लारा ने बल्लेबाजों को हार का जिम्मेदार ठहराया, कहा- आक्रामकता दिखाने में काफी देर की

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करने में असफल रहने के लिए अपने बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्होंने अपना आक्रामक रवैया दिखाने में काफी देर कर दी थी। सनराइजर्स को रात को दिल्ली के हाथों सात रन से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार तीसरी पराजय है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके सामने 145 रन का लक्ष्य था लेकिन आखिर में वह छह विकेट पर 137 रन ही बना पाया। लारा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'पिच में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं थी तथा हमें पूरी पारी के दौरान अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी।' उन्होंने कहा, 'हमने सब कुछ आखिर के लिए छोड़ दिया। मुझे अच्छा लगता अगर हमारे बल्लेबाज पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते। हमने उन्हें बीच के ओवरों में विकेट लेने और हावी होने का मौका दिया।'




सनराइजर्स पावर प्ले में 36 रन ही बना पाया जबकि उसकी आधी टीम 14.1 ओवर में 85 रन पर पवेलियन लौट गई थी। लारा ने कहा, 'पहले 15 ओवर काफी महत्वपूर्ण होते हैं और तब तक हमें काफी बेहतर स्थिति में होना चाहिए था।' सनराइजर्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अब प्रत्येक मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लारा ने कहा, 'हमें अब आगे के बारे में सोचना होगा और जल्द ही एकजुट होना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि अब हमारे लिए राह मुश्किल है और हमें अधिक जिम्मेदारी से खेलना होगा।' दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर बनाया था लेकिन स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि टीम को विश्वास था कि वह अपने स्कोर का बचाव करने में सफल रहेगी। कुलदीप ने कहा, 'शत प्रतिशत एक टीम के रूप में हमें अपनी गेंदबाजी इकाई पर पूरा भरोसा था और हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की है और यहां पर हमारे पास अपना कौशल दिखाने का मौका था।' उन्होंने कहा, 'हमने पावर प्ले में अच्छी गेंदबाजी की। इसके बाद बीच के ओवरों में मैंने और अक्षर पटेल ने हमें मैच में बनाए रखा जबकि अंतिम चार ओवरों में एनरिक नोर्किया और मुकेश कुमार ने अच्छी गेंदबाजी की।'

## विराट कोहली पर 24 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 23 अप्रैल को राजस्थान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में आरसीबी की कप्तानी विराट कोहली कर रहे थे,इसलिए जुर्माने उनपर लगाया गया। बयान के अनुसार, चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए कोहली पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के प्रत्येक सदस्य पर 6लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया, जो भी कम हो, लगाया गया।

# उर्वशी रौतेला बनाम ऋषभ पंत : एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट से खड़ा हुआ विवाद, उठाना पड़ा ये कदम

**मुंबई ।** स्टार भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बीच कथित संबंधों ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। उनके छोटे से रिश्ते से लेकर उनके रिश्ते के कड़वे अंत तक उनकी कहानी चर्चा का विषय रही है। हाल ही में उर्वशी को दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच हुए आईपीएल मैच में देखा गया था। उन्होंने एक गुप्त कैप्शन के साथ अपनी तस्वीर साझा की जिसने फिर से विवाद खड़ा कर दिया। हालांकि बाद में उर्वशी को इंस्टाग्राम पोस्ट को एडिट करना पड़ा।

उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम पर आईपीएल मैच की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। एक पोस्ट के साथ एक कैप्शन था जिसमें लिखा था,



'एक घायल दिल को खुलने और फिर से भरोसा करने में समय लगता है।' प्रशंसकों ने तुरंत मान लिया कि उर्वशी अपने कथित पूर्व प्रेमी ऋषभ पंत का जिक्र कर रही हैं। इसके तुरंत बाद फैंस ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद उर्वशी को अपनी पोस्ट को एडिट करना पड़ा और एक प्रश्न चिह्न को छोड़कर सब कुछ हटा दिया। एक बॉलीवुड पोर्टल से साक्षात्कार में उर्वशी ने 'आरपी' के बारे में बात की थी, जिसने एक कार्यक्रम के लिए दिल्ली में रहने के दौरान उनकी होटल लॉबी में घंटों इंतजार किया था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अनुमान लगाया कि आरपी कोई और नहीं बल्कि ऋषभ पंत थे। ऋषभ ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि लोग प्रसिद्धि पाने के लिए अक्सर इंटरव्यू में झूठ बोलते हैं और उर्वशी से हैशटैग मेरा पीछा छोड़ो बहन का उपयोग करके उन्हें अकेला छोड़ने का अनुरोध किया था। गौर हो कि सड़क दुर्घटना के बाद लिगामेंट डैमेज होने के बाद पंत ने सर्जरी करवाई थी। हाल ही में वह दिल्ली के मैच में अरुण जेतली स्टेडियम भी पहुंचे थे। फिलाहल पंत चोटों से उभर रहे हैं और पूरी तरह ठीक होने के बाद रिहैब शुरू करेंगे जिसमें कम से कम उन्हें 6 महीने का समय लगेगा।

# जीत के बाद डेविड वॉर्नर बोले- हमने चुनौतियों का सामना डटकर किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात रन से हराया। दिल्ली कैपिटल्स ने नौ विकेट पर 144 रन बनाने के बाद सनराइजर्स को छह विकेट पर 137 रन पर रोक दिया।

सनराइजर्स के लिए मयंक अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाये। दिल्ली के लिए एनरिच नोर्किया और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिये। वहीं जीत हासिल करने के बाद कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि वह अब अगला मैच भी जीतने की कोशिश करेंगे।




उन्होंने कहा, 'दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि हैदराबाद के बेहतरीन दर्शक हैं सभी ने अच्छा समर्थन किया। हमने चुनौतियों का सामना डटकर किया और दो अंक लिए। अक्षर और कुलदीप के पास अनुभव अच्छा है और मिडिल ओवर में उन्हें अच्छे से इस्तेमाल किया है। ये दोनों अनुभवी गेंदबाज हैं, ये आपको कभी निराश नहीं करेंगे।' वहीं तेज गेंदबादज इशांत शर्मा को लेकर उन्होंने कहा, 'इशांत ने काफी मेहनत की है और बेहतरीन गेंदबाजी की है। पहले दिन से वह (ईशांत) मुझसे कहता रहा कि क्या वह तैयार है। दुर्भाग्य से वह पहले कुछ मैचों में बीमार थे लेकिन इसका श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने आईपीएल में वापसी के लिए काफी मेहनत की है। एक मौका मिलना और उसके जैसी तेज गेंदबाजी करना, यह असाधारण है।'

## एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए भारत आएगी पाकिस्तान-चीन की हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के चेन्नई शहर में तीन से 12 अगस्त के बीच होने वाले सातवें एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान और चीन भी भाग लेंगे। तमिलनाडु हॉकी यूनिट (एचयूटीएन) के अध्यक्ष जे. शेखर मनोहरन ने इसकी पुष्टि की है। मनोहरन ने कहा कि चूंकि मीडिया ने 2 टीमों (चीन और पाकिस्तान) की भागीदारी पर संदेह व्यक्त किया था, इसलिए हम अब खुशी से सूचित करते हैं




कि पाकिस्तान और चीन भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे और उन्होंने इस बात की पुष्टि की है। मनोहरन ने कहा कि एचयूटीएन ने अभ्यास मैदान के लिये स्थल चुन लिया है। अभ्यास मैदान एसडीएटी-मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम के प्रवेश द्वार के ठीक बगल का एक टेनिस कोर्ट होगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के अंदर 4 टेनिस कोर्ट का बड़े पैमाने पर उपयोग नहीं किया गया था इसलिए हम अभ्यास करने के लिए मैदान को बदलकर खुश हैं। हम मई में काम शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं। चेन्नई एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी करने वाला पहला भारतीय शहर होगा। हाल के दिनों में भारत में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ओडिशा पहली पसंद रहा है। ओडिशा ने 2018 और 2023 में पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी के अलावा एफआईएच प्रो लीग का आयोजन भी किया है। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, चीन और पाकिस्तान सहित 6 एशियाई देश हिस्सा लेंगे।

# आरसीबी के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने उतरेगा केकेआर

**बेंगलुरु।** लगातार चार मैचों में हार से आहत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने का प्रयास करेगा। दो बार के चैंपियन केकेआर ने अभी तक सात मैचों में से केवल दो में जीत दर्ज की है और वह सातवें स्थान पर काबिज है। इससे उसकी आगे की राह काफी कठिन हो गई है।

केकेआर को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा



भुगतना पड़ रहा है। उसे नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी भी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए पिछले मैच में केकेआर के बल्लेबाजों को बड़े लक्ष्य के सामने अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर, कप्तान नितीश राणा और एन जगदीशन ने दबाव में अपने विकेट गंवाए।

केकेआर अभी तक अदद सलामी जोड़ी नहीं तलाश पाया है। उसने अभी तक सुनील नारायण, जगदीशन, लिटन दास, जेसन रॉय और रहमानुल्लाह गुरबाज को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है। पिछले मैच में जेसन रॉय और रिंकू सिंह ने अर्धशतक जमाए लेकिन इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। आंद्रे रसेल भी फिनिशर की अपनी भूमिका में खरे नहीं उतर पाए। केकेआर के लिए उनकी फिटनेस भी चिंता का विषय है क्योंकि इस सत्र में वह अभी तक एक बार भी अपने कोटे के चारों ओवर नहीं कर पाए हैं। केकेआर ने इस सत्र के शुरू में आरसीबी को 81 रन से हराया था और वह उस मैच से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा। आरसीबी का हालांकि पिछले मैच में राजस्थान रॉयल पर सात रन की जीत से मनोबल बढ़ा होगा और वह अपना विजय अभियान जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

फाफ डुप्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक सात में से चार मैच जीते हैं और वह पांचवें स्थान पर है। उसकी तरफ से कुछ खिलाड़ियों ने अभी तक इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। डुप्लेसी अभी बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने विराट कोहली तथा ग्लेन मैक्सवेल के साथ उपयोगी साझेदारियां निभाई हैं।

आरसीबी के लिए हालांकि यह चिंता का विषय होगा कि उसकी तरफ से अधिकतर रन इन तीनों बल्लेबाजों ने बनाए हैं जबकि बाकी बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। केकेआर के खिलाफ उसको मध्यक्रम के बल्लेबाजों से ही उपयोगी योगदान की उम्मीद रहेगी। उसके मध्यक्रम में दिनेश कार्तिक, महिपाल लोमरोर, शाहबाज अहमद और सुयश प्रभुदेसाई जैसे बल्लेबाज हैं।

गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने आईपीएल के वर्तमान क्षेत्र में अभी तक सर्वाधिक विकेट लिए हैं। सिराज का वायने पर्नेल और हर्षल पटेल अच्छा साथ दे रहे हैं। श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा के आने से टीम की गेंदबाजी को मजबूती मिली है। आरसीबी की टीम इस सत्र के शुरू में केकेआर के स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गई थी। केकेआर के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, सुयश शर्मा और नारायण फिर से वही प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे।

